**कार्यालय अध्यक्ष, वाणिज्य कर अधिकरण ,उत्तर प्रदेश, लखनऊ।**

आदेशांक–वा0क0अधि0/डी0पी0सी0/__________/2024 लखनऊःदिनांकःःदिसम्बर, 11 ,2024

**–ःआदेशः–**

मुख्यालय के परिपत्र संख्या–4055/24 दिनांक 19.11.2024 द्वारा वाणिज्य कर अधिकरण अधिष्ठान में चतुर्थ श्रेणी से तृतीय श्रेणी में कुल रिक्त 12 पदों पर पदोन्नति पर विचार किए जाने हेतु चतुर्थ श्रेणी में कार्यरत इच्छुक अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र दिनांक 03.12.2024 तक प्रेषित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं तथा मुख्यालय के आदेशांक–4081/24 दिनांक 21.11.2024 द्वारा तीन सदस्यीय चयन समिति का गठन इस आशय से किया गया है कि उक्त चयन समिति प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार कर चयन वर्ष 2024–25 में चतुर्थ श्रेणी से तृतीय श्रेणी में पदोन्नति हेतु नियमावली 2001 में दी गयी व्यवस्था के अनुसार चयन परीक्षा का आयोजन करेगी।

अतः समिति द्वारा चयन परीक्षा का आयोजन दिनांक 28.01.2025 को किया जाना सुनिश्चित किया जाता है। चयन समिति द्वारा निम्नलिखित विषयों पर चयन प्रकिया सम्पादित की जाएगी, जो निम्न प्रकार है–

क. हिन्दी टंकण परीक्षा दिनांक 28.01.2025 को पूर्वान्ह 11:30 बजे से।

ख. लिखित परीक्षा व साक्षात्कार दिनांक 28.01.2025 को अपरान्ह 02:00 बजे से।

(अजय विक्रम सिंह)
एच0जे0एस0
न्यायिक सदस्य, वाणिज्य कर अधिकरण,
पीठ–1, लखनऊ।(अध्यक्ष चयन समिति)

**पृष्ठांकन संख्या वा0क0अधि0/डी0पी0सी0/4397/ 2024 तद्दिनांकित।**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. श्री विजय कुमार मिश्रा, सदस्य, वाणिज्य कर अधिकरण पीठ–3 लखनऊ।(चयन समिति सदस्य)
2. श्री सत्यपाल सिंह, सदस्य वाणिज्य कर अधिकरण पीठ–2 लखनऊ।(चयन समित सदस्य)
3. सदस्य वाणिज्य कर अधिकरण, पीठ–1, 2 व 3 लखनऊ/मुख्यालय/पीठ–1 व 2 आगरा/ पीठ–1 प्रयागराज/पीठ–4 कानपुर/पीठ–1 गाजियाबाद/पीठ–मुरादाबाद/पीठ–1 वाराणसी को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि वह अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को निर्धारित परीक्षा तिथि से अपने स्तर से अवगत कराएं तथा परीक्षा में प्रतिभाग हेतु आने वाले कर्मचारियों को किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।
4. निबंधक (मुख्य अधिकारी), वाणिज्य कर अधिकरण, उत्तर प्रदेश लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि चयन परीक्षा में सुचिता एवं प्रबंधन प्रभावी रूप से सुनिश्चित करने का कष्ट करें।
5. वरिष्ठ सहायक विवरण, मुख्यालय।
6. वरिष्ठ सहायक स्थापना–1 व 2 मुख्यालय।
7. वेब अधिकारी/रिट मुख्यालय।

Ajaivikram

(अजय विक्रम सिंह)
एच0जे0एस0
न्यायिक सदस्य, वाणिज्य कर अधिकरण,
पीठ–1, लखनऊ।(अध्यक्ष चयन समिति)

प्रेषित 11/12/24